क्रमांक	प्रस्ताव का नाम	राज्य	शामिल किया गया वन क्षेत्र	स्थिति
1.	राज्य वन निगम द्वारा स्थापित आरा मिलों को नियमित करना	उत्तर प्रदेश	0.25 है०	प्रस्ताव में आवश्यक ब्यौरे की कमी थी जिसको राज्य सरकार से मांगा गया है और उनकी प्रतीक्षा है
2.	सारूगढ़ में वन विकास निगम की आरा मिल	पश्चिम बंगाल	0.46 है०	अनुमोदित
3.	मदारीहाट में वन विकास निगम की आरा मिल	पश्चिम बंगाल	1.83 है०	अनुमोदित
4.	भूटाबारी में वन विकास निगम की आरा मिल	पश्चिम बंगाल	0.65 है०	अनुमोदित

(ख) वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 और इसके तहत बनाए गए नियमों और दिशा-निर्देशों के उपबंधों के अनुसार प्रस्तावों पर कार्यवाही की जाती है।

(ग) और (घ) जी, हां। वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के अनुसार ऐसी समस्त वन भूमि, जोकि सरकारी रिकार्डों के वन के रूप में अधिसूचित की गई है, को गैर-वानिकी प्रयोजनों के उपयोग के लिए केन्द्र सरकार की पूर्व अनुमोदन की आवश्यकता होती है।

पक्षियों के संरक्षण के लिए परियोजना

1911. **श्री नागमणि:**
श्री ईशदत्त यादव:

क्या पर्यावरण और वन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार पक्षियों के संरक्षण के लिए कोई परियोजना कार्यान्वित कर रही है;

(ख) यदि हां, तो इस परियोजना के उद्देश्य और कार्य क्या हैं और इसके लिए कितने बजट का प्रावधान किया गया है और यह परियोजना कब से शुरू हुई है और इसे कौन-सी एजेंसी कार्यान्वित कर रही है;

(ग) जिन उद्देश्यों के लिए यह परियोजना शुरु की गई थी, उनकी प्राप्ति में क्या प्रगति हुई है;

(घ) क्या हाल ही में इसके कार्यकरण संबंधी कोई समीक्षा शुरू की गई है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

पर्यावरण और वन मंत्री (प्रो० सैफउद्दीन सोज़): (क) पक्षियों के संरक्षण के लिए इस मंत्रालय द्वारा अलग से कोई परियोजना कार्यान्वित नहीं की जा रही है। तथापि, "राष्ट्रीय उद्यानों एवं अभ्यारण्यों के विकास के लिए सहायता" से संबंधित केन्द्रीय प्रायोजित स्कीम के तहत राज्यों और संघ राज्य क्षत्रों को चयनित राष्ट्रीय उद्यानों एवं अभ्यारण्यों के संरक्षण के लिए निधियां मुहैया की जा रही हैं। इनमें कई पक्षी अभ्यारण्य एवं राष्ट्रीय उद्यान भी शामिल हैं।

(ख) से (ङ) : प्रश्न नहीं उठता।

Smuggling of Ivory Products

1912. SHRI ASHOK MITRA: Will the Minister of ENVIRONMENT AND FORESTS be pleased to state:

(a) the annual estimated value of ivory and ivory products smuggled out of the country in recent years;

(b) the details of the measures undertaken to minimise the menace; and